* बहु पत्नी प्रथा के भयंकर परिणामों का चित्रण है। एक पत्नी सुहागिन और दूसरी दुहागिन। दुहागिन पत्नी को पशुवत रखा जा रहा है। उसके जच्चा होता है तब जच्चा के गीतों में अपना नाम सुनकर पति जाता है और जच्चा की सुख सुविधा का प्रबन्ध करता है। साथ ही बेटे की मा बनने पर स्त्री की प्रतिष्ठा बढ़ने की ओर संकेत है।

पीळो

सावण वाडी वाइया जो गाढ मारू जी,
गुणसागर ढोला, भादूड कर्‌यो छै नीनाण जी,
वाई का वीरा, पीळो धण ने केसरी रगा दो जी ।।१।।

आसोज वाडी फूल भरी जी गाढा मारू जी,
गुणसायर ढोला, कातिग चूट्यो छै कपास जी,
वाई का वीरा, पीळो धण ने नारगी रगा दो जी ।।२।।

लोढणहाळो लोढगो जी गाढामारू जी,
गुणसायर ढोला, पीनी चतर सुजान जी,
वाई का वीरा, पीळो धण ने केसरी रगा दो जी ।।३।।

कात्यो छै नानो मावसी जी गाढामारू जी,
गुणसायर ढोला, माय अटेर्‌यो छै सूत जी,
वाई का वीरा, पीळो धण ने केसरी रगा दो जी ।।४।।

ताणो तो तणियो मेडते गाढामारू जी.
गुणसायर ढोला, नळाए भर्‌या अजमेर जी,
वाई का वीरा, पीळो धण ने नारगी रगा दो जी ।।५।।

वणियो तो गढ बीकाणैं जी गाढामारू जी,
गुणसायर ढोला, रगियो तो जैसलमेर जी,
वाई का वीरा, पीळो धण ने केसरी रगा दो जी ।।६।।

माय लखोणी बू दडी जो गाढामारू जी,
गुणसायर ढोला, जीरै हुदो भात जो,
वाई का वीरा, पीळो धण ने नारगी रगा दो जी ।।७।।

अल्ला तो पल्ला घूघराजी गाढामारू जी,
गुणसायर ढोला, बिच बिच चाद छपाय जी,
वाई का वीरा, पीळो धण ने केसरी रगा दो जी ।।८।।

रग्यो-रगायो म्हे सुण्यो जी गाढामारू जी,
गुणसायर ढोला, जच्चा के महल पहुचाय जी,
वाई का वीरा, पीळो धण ने नारगी रगा दो जी ।।९।।

हरिये रेसम को घाघरो जी गाढामारू जी,
गुणसायर ढोला, दखणी रो चीर जी,
वाई का वीरा, पीळो धण ने केसरी रगा दो जी ।।१०।।

गळ मे कमूमल काचवो जी गाढामारू जी,
गुणसायर ढोला, अे जी मोतीडा रो हारजी,
वाई का वीरा, पीळो धण ने नारगी रगा दो जी ।।११।।

पैर ओढ जच्चा नोसरी जी गाढामारू जी,
गुण सायर ढोला, सहर नागौर के बजार,
वाई का वीरा, पीळो धण ने केसरी रगा दो जी ।।१२।।

सावन के महिने मे कपास बोया भादो म उसमे नीनाण किया ।
ननद बाई के वीर, अपनी विवाहिता को पीला रगा दो ।
आसोज म कपास के फूल निकले । काती म फूलो का बीना ।
लोढने वाला कपास लाढ गया, चतुरता से कपास पीजा ।
ननद बाई के वीर, मुझे पीला रगा दो ।

मौसी ने बारीक बारीक सूत काता, मा ने सूत अटेरा।

ताना मेडते मे ताना, अजमेर मे नला भरा, बीकानेर मे यह वस्त्र बना और जैसलमेर मे रगा गया।

ननद बाई के वीर, मुझे पीला रगा दो।

सुन्दर रगो से बूदकिया बनाई, जीरा जैसे छोटे छोटे डिजाइन डाले।

पल्लो पर घूघरे लगाये, बीच बीच मे चाद लगाये।

मैंने सुना ऐसा सुन्दर पीला रगा गया है।

गुणो के सागर स्वामी, वह पीला जच्चा के महल मे पहुचा दो।

ननद बाई के वीर, मेरे लिये पीला रगा दो।

हरे रेशम का घाघरा, ऊपर दक्षिणी चीर, कसूमल रग की अगिया और गले मे मोतियो का हार।

पहिन ओढकर, नागौर के बजार मे जच्चा निकली।

ननद बाई के वीर, मेरे लिये पीला रगा दो।

* गहरे पीले रंग की ओढनी जिसके लाल रग के पल्लू तथा किनारे होते है, उस साडी को पीला कहा जाता है। जच्चा दसवें दिन स्नान कर सूर्य पूजा करती है तब पीला ओढाया जाता है।

पीलो

भाभी पाणीडे गई रे तळाव ये भाभी सूवा तो पखो वादल झुक रया जी।

भाभी झरमर झरमर बरसेलो मेह ये भाभी पीळो तो भींजै थारो रग चुवेजी।

देवर भीजै देवर भींजै तो भीजण दो श्रो देवर श्रौर रगावे म्हारी मायडी जी।

भाभी के थानै घडी ए सुनार ये भाभी के थे तो साचै ऊतरी जी।

देवर ना म्हानै घडी ये सुनार श्रो देवर ना म्हे तो साचे उतरया जी।

देवर जनम दियो म्हारी माय श्रो देवर रूप दियो राजा रामजी।

भाभी शीश बण्यो नारेळ ए भाभी चोटी तो कहिय वासग नाग की जी।

भाभी श्राख नीम्बू कीसी फाक ए भाभी भवरा दोन्यू बीजळी खिव जी।।

भाभी नाक सूवै की चाच ए भाभी होठां विडलो रच गयो जी।

भाभी दात दाडु का सा बीज ए जीभडल्या इमरत बसै जी।

भाभी बेलण वेली बाय ए भाभी मू गफली थारी श्रागळी जी।

भाभी पेट गेंहू की लोथ ए भाभी सू डी तो कहिये रतन कचोलिया जी।

भाभी पीठ बणी मखतूल ए भाभी पसव.डा पासा ढळे जी ।

भाभी जाघ केळे का खभ ए भामी पीडी तो कहिये रतनाळियाँ जी।

भाभी पाव पीपळ का पान ए भाभी एडी तो कहिये सुरग सुपारिया जी ।

भाभी धन म्हारे बीराजी रो भाग ए भाभी जाकी तो सेजा सुन्दर थे चढो जी ।

देवर जीवो थे लाख वरस ओ देवर थें म्हारो रूप वखाणियो जी,

चिरजीवो थारा लाल ओ गीगा थें म्हारो मान वढाइयो जी ।

भाभी, पानी भरने सरोवर जा रही हो । गहरी घटा चढ रही है ।
भाभी, झिरमिर झिरमिर मेह बरस रहा है तुम्हारा पीला ओढना भीग जायगा, रग चूने लगेगा ।
देवरजी पीला भीगता है तो भीगने दो। मेरी मा दूसरा रगा कर भेज देगी ।
भाभी सुनार ने तुम्हें गढा है या साचे मे ढाली गई हो ।
देवरजी, न तो सुनार ने गढा है न साचे मे ढली हू । मा ने मुझे कोख मे जन्म दिया है । रूप राजा राम ने दिया है ।
भाभी, तुम्हारा शीश नारियल सा, चोटी वासुकि नाग सी है ।
आख नीबू की फाक सी, भौह मे बिजली सी दमक है ।
नाक तोते की चोंच, होठ तो ताबूल से रचे हैं ।
दात अनार के दाने से, जीभ से अमृत झरता है ।
बेलन से बेला हो जैसी बाहे, मूगफली सी अगुलिया ।
गेहू के आटे की लोय जैसा पेट, उसमे रतन जडा हो वैसी सूडी ।
मखमल की सी पीठ, पसवाडे पासे जैसे ।
केला के स्तभ सी जघा, सुरग सुपारी जैसी एडी ।
भाभी, मेरा भाई सौभाग्यशाली है जिसकी सेज पर तुम पाव देती हो ।
देवर जी, तुम लाख बरस जीओ, तुम्हारा बच्चा चिरायु हो । तुमने मेरे रूप की प्रशसा कर मेरा मान बढाया ।

वीरा

सावण तो श्रायो सई या मैं सुण्यो
श्रायो जेठ श्रसाढ ! मेहो झड मडियो
श्रावो वीराजी वेसो श्राँगणै
पूछो नी मनडे री वात । मेहो झड मडियो
माटी मगावो चिकणी रै
चूल्हा घतावो चार
एकै रघावो लापसी, दूजै तणै रै कसार
तीजै रघावो खीचडी, चौथे चदलै रो साग
साळो वेनोई भेळे जीमलो, करो मनडे री वात
मैलो वेनोई जी म्हारी बैन नै
श्रायोडी सावणीयेरी तीज
म्हारे तो मेल्या साळा नही सजै
कुण जी रै भातो लाय
कुण जी रै पीसै म्हारे पीसणो जी
कुण जी रै महीडो विलोय
वेनड तो पीसै पीसणो
मा थारी महिडो बिलोय
वेनड तो म्हारी, साळा चिडकलो
श्राज उडे परभात ।
मावड, साळा म्हारी डोकरी जी

आटा कौन पीसेगा, दही का बिलौना कौन करेगा ।

तुम्हारी बहिन आटा पीस लेगी, तुम्हारी माताजी दही बिलो लेगी ।

सालेजी, मेरी बहिन तो चिडिया की भाति मेहमान है । कभी भी उड सकती है ।

मेरी मा तो बूढी है, क्या जाने कब मर जाय ।

साला रूठ गया । घोडी पर जीन कस लिया ।

भैया, घडी भर तो घोडे को रोको, मन की बातें तो करलें ।

मैं नगे पाव फिरती हू भैया ।

आक के पत्ते बाध लो ।

मैं आभूषण बिना नगे सिर फिरती हू भैया ।

पीपल के पत्ते बाध लो ।

भैया, मेरा दुख मा को जाकर मत बताना । वह रोयेगी जैसे बरसात की झडी लगती हो ।

भैया, भौजाई को मेरा कष्ट मत बताना । वह अपने पीहर वालो को सुना कर मजा लेगी ।

भैया, मेरे पिताजी को जरूर कहना । वह तुरत घोडे पर जीन कस लेंगे मुझे लिवा लाने को ।

म्हारी धरण मोटा

सुसराजी जाजो डूगरा
काई लाजो चनण रो रुख
कुरियो रे गुरवेली रो

काठ घडाजो पालणो काई
म्हे जास्या चणा रे खेत
कुरियो रे गुरवेली रो

माथे लीधो पालणो रा
जास्यां ओ चणा रे खेत
कुरियो रे गुरवेली रो

आवें बाधूं पालणो काई
चपले खेंचूं डोर
कुरियो रे गुरवेली रो

आवें बाधू पालणो काई
एक मचोळो दे म्हारा वीर
कुरियो रे गुरवेली रो

सासू पूछें ए बहू
म्हारा बाळो पूत रुंवाण्यो काय
थारो कीको लाडलो

म्हारी ग्रंदली बंदली निरखै काय
कुरियो रे गुरवेली रो

नणदल पूछै ये भावज
म्हारो बाळो वीर रुंवाण्यो काय
थारो वीरो लाडलो
म्हारी पायळ मे पग घाले काय
कुरियो रे गुरवेली रो

साथी पूछै रे गोठिया
थू रात्यूं रोयो काय
कुरियो रे गुरवेली रो

म्हे छोटा म्हारी धरण मोटा
म्हाने बाध्यो ढोल्या सू खाच
ग्रौर मरोड्या गालडा ग्रो
दीधी रैपट री खाच
कुरियो रे गुरवेली रो

ससुरजी, पहाडो पर जाग्रो। चदन का पेड ले ग्रावो। चदन के काठ का बाल पति के लिये पलना बना लू।

मुझे चने के खेत पर जो जाना है।

पलना सिर पर रख बाल पति को ले चने के खेत पर ग्राई।

ग्राम की डाल के पलना बाध दिया, चपे के वृक्ष से डोर खैंचूगी।

ग्राम की डाल के पालना बाध कर झूलाने लगी।

सासु ने पूछा, बहू मेरे बेटे को तू ने रूलाया क्यो?

तुम्हारा लाडला बेटा मेरी बिंदी क्यो निरखता है।

ननद पूछने लगी, भाभी, मेरे मुन्ना भाई को तू रूलाती क्यो है ?

तुम्हारा लाडला भाई मेरे पाजेब मे पाव क्यों अडाता है ?

बाल पति के साथियो ने पूछा, दोस्त, तू रात को रोया क्यो था ?

बाल पति ने उत्तर दिया, मैं तो छोटा हू मेरी पत्नी बडी है ।

उसने मुझे पलग से कसकर बाध दिया, उसने मेरे गाल मरोडे, कस कर मुह पर तमाचा मारा ।

---

* अनमेल विवाह पर यह गीत करारा व्यंग है । पत्नी युवा है और पति बच्चा । ऐसे अनमेल विवाह गांवों में कभी कभी होते रहते हैं ।

जवांई

म्हारे आगण ढोला बाई वड बोर
जेरी रे छाया मे सहेलिया दातण मोडियो ।

कात्यो कतवारया नेनो सूत
कातने वणाई सा फामडी ।
जुग जीवो सुसरा जी रा पूत
भाड ने ओढाई वेनोई ने फामडी

आछो रे थारो देस जिके मे
चार दिन जवाई जी मालिया
आछो रे समदरिया थारो नीर
जिके मे घुडला पाइया ।

आछी रे पीपळिया थारी छाय
गैरी छाया घुडला थामिया

वायरा धीमो मधरो वाज
चढता उडै जवाया री फामडी

आछो रे तावडिया, धीमो मधरो तप
हलक पसीजे कवर वाई रो साथ

विजळिया ए धीमो मधरो चमक
चढता नैं चमकै जवांई रो घोडलो

मेवडला रे धीमो मधरो बरस
चढता रे भीजै बाई री बोरग चू दडी ।

प्रियतम, मेरे आँगन मे, बढे बेर का वृक्ष है। जिसकी गहरी छाया में सखियें आती है।

मैंने महीन महीन सूत कात कर फामडी बनाई।

जुग जुग जीवें, मेरी सास के पूत। उन्होने भाड कर उस फामडी को बहनोई को ओढा कर सीख दी।

तुम्हारा देश अच्छा है, जहा जवाई ने चार दिन आनन्द किया। इस सागर का पानी भी अच्छा है। जवाई ने इसी मे अपनी घोडी को पानी पिलाया। इस पीपल की छाया म उन्होने अपने घोडो को, विश्राम देने को रोका था।

ननद और जवाई जा रहे हैं। भावज वायु से धीरे धीरे बहने को प्रार्थना करती है जिससे जवाई की फामडी उड न जाय।

ताप! तू बडा अच्छा है, धीरे धीरे तप, ननद बाई का कण्ठ सूख जावेगा।

विजलियों! धीरे धीरे दमको। कही जवाई जी का घोडा चमक न जाय।

मेह! तुम मधरे मधरे बरसना। ननद बाई की बहुरग चूदडी भीग न जाय।

सियालो

किस्या रे नगर सू आयो रे सियाळो
तो घर कूणी जी रे जाइयो भवर जी
यो जाडो सेलीवाळा नै लागै

धार नगर सू आयो रे सियाळो
तो घर रावजो रे जाइयो भवर जी
यो जाडो सेलीवाळा नैं लागै

सोना री सगडी जडाऊ रा दूदया
तो ई म्हारो जाडो नही जाइयो भवर जी
यो जाडो सेलीवाळा नै लागै

सोना री चुसकी जडाऊ रा प्याला
तो ई म्हारो जाडो नही जाइयो भवर जी
यो जाडो सेलीवाळा नै लागै

रमझम करता लाडीसा पधारिया
अबे म्हारो जाडो जाइयो भवर जी
यो जाडो सेलीवाळा नै लागै

किस नगरी से यह जाडा आया है और किसके घर जायेगा ?

धार नगर से यह जाडा आया है और रावजी के घर जायेगा ।

सोने की अगीठी है और रत्नजडित अगारे है, फिर भी मेरा जाडा जा नही रहा है ।

सेली पहिने पुरुष को ठण्ड लग रही है । स्वर्ण पात्र मे मद भर कर पीने पर भी तो मेरी ठण्ड दूर नही हुई ।

सब उपाय किये पर जोर से ठण्ड लग रही है । रिमझिम रिमझित करती प्रियतमा आ गई है, अब मेरा जाडा दूर हो जायेगा ।

नूंतो

म्हारे राजा हरिया सा डूंगरा ने नुवतिया
म्हारे राजा तोरण थाव ले घर आविया
म्हारे राजा पीछोला जस्यो सागर नुवतियो
म्हारे राजा नीर सजोवण जोगो
म्हारे वेलडियाँ घर छावियो
म्हारे राजा रावतजी रा पूत ने नुवतिया
म्हारे राजा जान सजोवण जोगो
म्हारे राजा व्याइसा रा जवाईसा नुवतिया
म्हारे राज बनोळी सजोवण जोगो
म्हारे वेलडियाँ घर छावियो
म्हारे राजा वीरा जी ने नुवतिया
म्हारे राजा मायरा सजोवण जोगो

विवाह के उत्सव म मैंने हरे भरे पहाडो को न्योता दिया है।
वे घर मे तोरण और स्तभ लेकर आये।
मैंने विवाह मे पीछोला सरोवर को आमन्त्रित किया।
वह जल देने को पूरा सामर्थ्यवान है।

मेरे घर मे लतायें छा गई।

मैंने राजाओं के पुत्रों को न्योता दिया।

वे बरात मे सजधज कर आयेंगे।

मैंने अपने सगे के पुत्र तथा मेरे जामाता को आमन्त्रण दिया।

वे बनोळी निकालने की सामर्थ रखते हैं।

मैंने अपने भाई को नूता है। वह मायरा भरेंगे, मायरा भरने को पूर्ण सामर्थवान है।

मेरे घर मे लतायें छा रही है।

आरती

मादेवजी पूछेरा सुणो पारवती
कू कर आरती सजोवस्यो
सोना की थाळी ने रूपा री झारी
यू कर आरती सजोवस्यां

सोना रा दीवला ने रूपा री वाती
यू कर आरती सजोवस्या
मोत्या रा आखा ने सीप जो घोळी
यू कर आरती सजोवस्या

आरतडी राजा राज दीवाणा
जणी घर विडद ऊतावळी जी
थें तो झूठा हो पारवती झूठ जे बोल्या
दुनियाँ में काई वण आवसी जी
कासी की थाळी ने पीतळ की झारी
यू कर आरती सजोवस्या
अन्न का तो आखा ने सीप भर रोळी
माटी रो दीवो रूई री बाती
यू कर आरती सजोवसी जी

साचा ओ पारवती साच जे बोल्या
दुनिया मे या ही वण आवसी जी

महादेवजी ने पूछा, पार्वती आरती क्योकर सजोई जाती है ?

पार्वती ने उत्तर दिया, सोने की थाली, चादी की झारी ले आरती सजोई जाती है।

सीप मे कु कुम घोल, मोतियो के अक्षत ले स्वर्ण दीप मे चादी की बत्ती से आरती सजोई जाती है। जिस घर मे विवाह की विडद बैठेगी वहा इस प्रकार आरती उतारी जाती है।

महादेव ने कहा, पार्वती, तुम झूठी हो। झूठ बोला तुमने। यह बताओ। वास्तव मे ससार मे कौनसी वस्तुयें लोगो को मिलती है आरती उतारने को।

पार्वती बोली, कासी की थाली, पीतल की झारी, अन्न के अक्षत, सीप भर रोळी, माटी के दीपक मे रूई की वाती से आरती उतारी जाती है।

अब सच बोली पार्वती तुम। वास्तव मे ससार मे यही वस्तुयें लोगो को मिल पाती है।

वनड़ो

पेचा बाधे कसन सावरा तुरिया पेरे घर कसनार
वना तो म्हारा रामचदर अवतार
वना तो म्हारा सरी विसन अवतार
वना री घोडी रिमझिम करती जाय
गुलाला गिरद उडाया जाय
पतासा मेह वरसायां जाय
नाळ रा कोट चिणाया जाय
वना री घोडी रिमझिम करती जाय

कृष्ण सावरा की भांति पगडी बांधता है घर की नारियां तुरियां पहनती है।
मेरा बनां रामचन्द्र का अवतार है।
बना की घोडी रिमझिम रिमझिम करती चलती है।
गुलाल की गिद उडाये जा रही है।
बतासो का मेह बरसा रही है।
नारियला का कोट चुनाती चली जा रही है।
बना की घोडी रिमझिम करती चली जा रही है।

लाडा ऊभा ऊमरण दूमरणा

लाडा ऊभा श्रो मॉडपणा हेट ऊमरण दूमरणा

लाडा कै मागे श्रो तरवार कै घोडो हाँसलो

म्हें तो नही मागा श्रो तरवार नी घोडो हासलो

म्हे तो मागा मेवाड़ा री धीय चित्तोडी लाडी चित चढी

लाडी ऊभा श्रोवरिया रे बार ऊमरण दूमरणा

कै मागे चन्दरहार कै मागे दाती चूडलो

म्हे तो नी मागा हो चन्दर हार नी मागा श्रो दाती चूडलो

म्हे तो मागा राठौडी राज सोजतियो चित चढ गयो जी

बनडा उदास उदास खडा है।

क्या चाहिये तुम्हें। तलवार ? बढिया घोडा ?

मुझे तो न तलवार चाहिये श्रौर न बढिया घोडा।

मुझे मेवाडी वीर की बेटी चाहिये वह चित्तोडी मेरे चित चढ गई है।

बनड़ी ओवरिया के बाहर सुस्त उदास खड़ी है ।

क्या चाहिये तुम्हें । चन्द्रहार ? हस्तीदांत का चूड़ा ?

मुझे तो न चन्द्रहार चाहिये और न हस्तीदांत का चूड़ा ।

मुझे तो राठोड़ी बनड़ा चाहिये वह सोजनिया मेरे चित चढ़ गया ।

---

* विवाह के समय गाये जाने वाले गीत हैं ।

बनड़ा बनड़ी वर वधू का सम्बोधन है । चित्तौड़ी तथा मेवाड़ी वही कन्या कहलाती है जो शिशोदिया वंश की हों ।

इसी प्रकार राठौड़ी तथा सोजतिया, राठोड़ वंश का व्यक्ति ही कहलाता है ।

वनौ

थँ तो किण री मजला आया जी वना
थे तो किण रे भरोसे घर छोडयो जी वना
म्हे तो दादोसा री मजला आया ए वनी
म्हे तो माता सा रे भरोसे घर छोडयो ए वनी
म्हे तो काकोसा री मजला आया ए वनी
म्हे तो काक्या रे भरोसे घर छोडयो ए वनी
थारी माता सा रो काई रे भरोसो जी वना
थारी काक्या रो काई रे भरोसो जी वना
वै तो खावे ने लूटावे घर म्हारो जी वना
वै तो खुवावे नै बिगाडे घर म्हारो जी वना
असी जाणती माया मैं मू डै बोलतो जी वना
थे तो जान्या पली रथ म्हारो हाको जी वना
मैं तो जावू नै अवेरु घर म्हारो जी वना
म्हू तो जावू ने सभाळू घर म्हारो जी वना

•

दुलहिन, दूल्हे से पूछती है, वना, तुम यहा किसके साथ मजिलें तै करते आये हो ? घर को किसके भरोसे छोड कर आये हो ।

बनो, मैं पिता के साथ, चाचा के साथ मजिलें तै करता यहा आया हू । घर मा के और चाची के भरोसे छोडा है ।

तुम्हारी माता का क्या विश्वास। तुम्हारी चाची का क्या भरोसा। क्या जाने वे खाती होगी खिलाती होगी और फिजूल खर्च करती होगी। अब तो घर मेरा है।

ऐमा पता होता तो मैं तुम्हारे यहा आते ही, ब्याह से पहले ही तुमसे बात कर लेती।

मुझे तो जल्दी लग रही है, कब जाऊ और अपना घर सभालू। बरातियो से पहले मेरा रथ रुकवादो।

* विवाह के कुछ दिन पहले ही गणेश स्थापना के साथ ही गीत गाये जाने प्रारम्भ हो जा हैं। बना से अभिप्राय वर का और बनी से वधू का अभिप्राय होता है।

कांमरा

धीरा रो रे नादान कामरा आज करू ली
म्हारा दादोसा री पोळ छडीदार राखूंली
छडीदार राखू ली के चोबदार राखूंली
म्हारा काकोसा री पोळं था ने चाकर राखूंली
धीरा रो रे नादान कामरा आज करूंली
थोडा सा आज करूंली थोड़ा सा काल करूंली
होळी री रात करूंगी पून्यूं री परभात करू ली
समी साभ करूंली आधी रात करूंली
धीरा रो रा नादान कांमरा आज करूंली
म्हारा वीरा सा री पोळ चरवादार राखूंली
चरवादार राखूंली के हुक्कादार राखूंली
पैरादार राखूंली के पाळा ढोळ राखूंली
छड़ीदार राखूंली के चोबदार राखूंली
म्हारा वीरो सा री पोळ थाने चाकर राखूंली
धीरा रो रा नादाव कामरा आज करूंली ।

नादान जरा ठहरो, कामण तो अब कर रही हू ।

मेरा पिता के दरवाजे पर तुम्ह छडीदार बना कर रखू गी ।

मेरा चाचा के दरवाजे पर तुम्ह चाकर बना कर रखू गी ।

नादान जरा ठहर जाओ । तुम पर कामण अब करू गी ।

थोडे से कामण आज करू गी, थोडे मे कामण कल करू गी ।

होली की रात को करू गी, कुछ दिवाली के प्रभात को करू गी ।

साझ पडते ही कुछ कामण करू गी । आधी रात को करू गी ।

जरा ठहर जाओ, तुम पर ऐसे कामण करू गी, मेरे भाई के दरवाजे पर तुम्हे चरवादार बना कर रखू गी । पहरादार बना कर रखू गी ।

जरा ठहर जाओ, तुम पर कार्मण अब करू गी ।

कांमरण

कोरी कोरी कुलडी मे दहीडो जमायो राज
आज म्हारा राईवर ने दादोसा रे घर नू त्या राज
माऊ सा नू त जीमाया राज
राती दगली रातो सूत
बाधो रा सासूजी रा पूत
बाध्या चू ध्या करे सलाम
एक मलाम भाई दूसरी सलाम
तीसरी सलाम थारा बाप का गुलाम
छोड ए दादोसा री प्यारी
अब तो थारा चाकर राज
चाकर छा तो पैली केता
अब तो कामण घुळग्या राज
ऐसा कामण म्हारा राईवर ने सोवे

नये नये कुल्हडो मे दही जमाया ।

राईवर को मेरे पिता ने अपने घर आमन्त्रित किया भोजन करने को ।
माता ने भोजन कराया ।

लाल रग की रूई है, लाल रग का सूत है। इससे सासूजी के पुत्र को बाधती हू। सूत से बधे ये सलाम करते हैं।

एक सलाम, दूसरी सलाम, तीसरी सलाम के साथ उन्होंने कह दिया तेरे पिता का दासानुदास हू।

पिता की लाडली, अब मुझे छोड दे। मैं तेरा दास हू।

यदि आज्ञाकारी थे तो पहले कहते। अब तो जादू चढ गया।

ऐसे कामण मेरे राइवर को शोभा देते है।

---

* लडकी के विवाह के समय कामण गाये जाते हैं। जादू टोना को 'कामण करना' कहा जाता है। पति वश में रहे यही कामण का तात्पर्य है।

घोड़ी

गढ मुलतान सू आइ ओ वछेरी तो आइ आइ बाबाजी रे दरवार
म्हारा राइवर बदडा नै सोवै ओ वछेरी
कंर कै खू टै बाघो ओ वछेरो तो नीरो नीरो नागरबेल म्हारा०
तो नीरो नीरो हरी हरी दोव हरी हरो दोव न चरै ओ बछेरी
तो मागै मागै पीळी पीळी दाळ म्हारा राइवर
पीळी पीळी दाळ न चरै ओ वछेरी तो मागै मागै राती पीळी झूल
म्हारा राइवर बदडा नै सोवै ओ बछेरी
राती पोळी झूल न ओडै ओ वछेरो तो मागै मागै लाडलडो असवार म्हारा०
म्हारा बचळ भर बदडा ने सोवै ओ वछेरी

गढ मुलतान से बछेरी आई । मेरे पिता के दरबार मे यह बछेरी आई ।
मेरे राइवर बनडा को शोभित करेगी ।
कंर के खूटे पर इसे बांधो, नागर बेल चरने को दो ।
इसे हरी हरी दूब खिलाओ । हरी हरी दूब यह नही चरेगी ।
यह पीली पीली दाल मांगती है ।
नहीं, नही पीली पीली दाल नही खायगी ।
यह तो लाल पीले रग की झूल चाहती है ।
लाल पीले रग की झूल यह नही ओढ़ेगी इसे तो शानदार सवार चाहिये ।
यह बछेरी मेरे राइवर के चढ़न योग्य है ।

घोड़ी

घोडी गढा सू उतरी ग्रो केसरिया जी कोई तेजण तिलक ललाड
तेजण जव चरे ग्रो हरिया चरे ग्रो केसरियाजी चरे ग्रो लीलोडा नाळेर
घोडी रो नेवर बाजणा ग्रो कसरियाजी कोई मेहदी राता केस
पूठ पलाणो सोवन जडियो जी कोई गजब करे जीण पोस
तेजण जव चरे ग्रो हरिया चरे कोई पीवे ग्रधरडियो दूध
मुखीयडलो मोतिया जडियो ग्रो केसरियाजी कोई हीरा जडी लगाम
पाव धरे रव चन्दर चढे ग्रो केसरियाजी कोई परणीजे राजकु वार
दसरथ जी रो पोता चढे ग्रो केसरियाजी कोई जनकजी रा दोयता
उऊड धुकड छाटा पड ग्रो केसरिया जा काई भीजे केसरिया री जान
दे दे नगारा चढ गया ग्रो केसरियाजी काई जानिया ने पेवा बधाय
परण वरण घर ग्राविया ग्रो केसरियाजी काई दे दे नगारा की ठौर
बेनड वाई मागे काई ग्रारती ग्रो केसरियाजी सोदरा लूण उतार
थाळ भरो गज मोतिया ग्रो केसरियाजी बेनडल्या वीर बधाय ।
वाहर हरखिया जानिया जी ग्रो केसरियाजी कोई घर मे वना सारो माय
तेजण जव चरे ग्रो हरिया चरे कोई पीवे ग्रधरडियो दूध
तेजण जव चरे जी ।

घोडी गढ़ से उतरी, उसके ललाट पर तिलक लगा हुआ हूं।

घोडी हरे जौ चरती है, हरे नारियल खाती है।

घोडी के नेवर बजने वाले हैं, मेंहदी से उसके केश रंगे हुए हैं। घोडी हरे जौ चरती है।

रत्न जड़ित घोडी का जीन है, बहुमूल्य जीन पोस है।

घोडी हरे जौ चरती है औटा हुआ दूध पीती है।

उसका मुख मोतियो से और लगाम हीरों से जडी है, सूरज चन्द्र के समीप जाकर पांव धरती है, ऐसी घोडी पर केसरिया सवार हो विवाह करने चला है। मेरी घोडी हरे जौ चरने वाली है।

दशरथ का पोता और जनक का नाती इस घोड़ी पर चढा है। घोडी हरे जौ चरती है।

रिमझिम मेह बरस रहा है केसरिया की बरात भीग रही है।

नगारे बजाते केसरिया जी घोडी पर सवार हो गये बराती लोगो ने पेचे (पागें) बाध रखी हैं।

विवाह करके नक्कारे बजाते बरात घर लौटी।

बहिनें आरती कर रही है, सहोदर नमक उतार रही है।

मोती से थाल भर बहिनें भाई को बधा रही है।

बाहर बराती हर्षित हो रहे हैं, घर के भीतर बने की माता जी आनन्दित हो रही है।

घोडी हरे जौ चरती है औटाया हुआ दूध पीती है।

तोरणियो

खातीड़ा रा वेटा चतर सुजाण

तोरणियो घड ला दे म्हने चदण के रे रूख को हो राज

तोरणियो वधावू गढ़ रे भीत

घणी ए चोळी जावू रे वाहडली पसार

सैणालो तोरण वाधियो

मोतीड़ा सू तपे म्हारे वना सा रो लिलाड

सिर सोने रो सेवरो

मोतीड़ा सू थाळ भरे

करू रे हरियाळा वना री आरती हो राज

तारा सू छाई सीयाळा री रात

घणी ए घुळी जावू

फूला सू छायो म्हारे वना रो सेवरो हो राज

ससरो रे वना सा रे जानीड़ा री जोड

जानीड़ा सिणगारिया रे वना रे जोड रा हो राज

खाती का बेटा चतुर सुजान है। चंदन के पेड़ का तोरण बना कर लाओ।

गढ की भीत पर तोरण बांधूंगी।

बाहु उठा कर नेह भीने ने तोरण बाधा। मैं उस छवि पर निछावर हूं।

बना का ललाट मोतियो से सुशोभित है।

सिर पर सोने का सेहरा है।

उस हरियाले बना पर मैं मोती भरे थाल से आरती उतारती हूं।

हेमन्त की रात्रि सितारो से जडी है।

बना का सेहरा फलो से जडा है। वारी जाती हूं।

बना के साथ मे बराती सजे धजे है। बना के साथियो की जोड़ भी बडी सुन्दर है।

सीध चाल्या

आंबो पाक्यो ओ आमली
पाक्यो नींबूड़ा रो रूंख
म्हे थांने पूछा हो, राधा बाई !
इतरो बाबाजी रो हेत

छोड़'र बाई । सीध चाल्या

है आयो परदेसी सूवटो
लेग्यो टोळी में सूं टाळ
कोयलड़ी अघ बोली
आपरा माऊजी रो लाड

छोड़'र बाई सीध चाल्या ।

आयो सगां रो सूवटो
लेग्यो टोळी सूं टाळ

कोयल बाई सीध चाल्या ।

बाई ! अपने पिता का इतना स्नेह छोड तुम कहां चल दी ?

परदेशी सूवा आया है वह मुझे अपनी टोली मे से अलग कर ले चला ।

मुझे यह बताओ । अपनी माता का अथाह स्नेह छोड़ तुम कहा चल दीं ?

सगो का सूवा आया है । वह टोली मे से मुझे लिये जा रहा है ।

कोयल बाई तुम कहा चली ?

* बेटी के विवाहोपरान्त विदा के समय गाया जाता है। कन्या को कोयल और उसे ले जाने वाले को सूवा (तोता) की संज्ञा दी गई है।

बधावा

हिलोए, मिलो ए सहेली
रग रो बधावो म्हारे आवियो

सहेली बागा मे चालो ए
आपा आछी आछी कळिया चूंटा ऐ
कळिया ने सहेली काई करसा
आपा आछा आछा गजरा गू था ए
सहेली रग रो बधावो आवियो

गजरा गूंथ नै काई करसा
आपा आलीजा री सेज सजावा ए
सेज सजाई नै काई करसा
आपा सुसरा जी रो वश बधावा ए
सहेली रग रो बधावो आवियो

वस बधाई नै काई करसा
आपा ऊजड खेडा वसावा
सहेली रग रो बधावो आवियो

सखियो ! आओ, हिलमिल हम लोग, आनन्द और प्यार की सृजना करें।

सखी, बागो मे चलें, सुन्दर सुन्दर कलियें तोड़ेंगी।

कलियो का क्या करेंगी ?

अच्छे अच्छे गजरे गूथेंगी।

गजरे गूथ कर क्या करेंगी, सखी ?

आलीजा की सेज सजावेंगी।

सेज सजाकर क्या करेंगी ?

ससुर जी का वंश बढायेंगी।

ससुर जी का वंश बढाने से क्या होगा ?

सखी, इन उजड़े गावो को फिर से बसायेंगी।

सखियो आवो, हम आनन्द और प्रेम की सृजना करें।

---

* शुभ अवसरों पर गाने वाले गीत बधावा कहलाते है। बधाई देना तथा शुभ कामनायें प्रकट की जाती है। इसमें सुखी गार्हस्थ्य जीवन तथा संतान प्राप्ति की शुभ कामनायें है।

वधावो

ओवरियो गरणायो जी म्हारा दुवारा पे
छायो जी मरवो मोगरो
पाच वधावा जी म्हारे आईया
पाचा की न्यारी न्यारी भात
ओवरियो गरणायोजी म्हारा दुवारा पै
छायो जी मरवो मोगरो

पेलो वधावो जी म्हारा वाप को
दूजो सुसरो जो दरवार
ओवरियो गरणायो जी म्हारा दुवारा पै
छायो जी मरवो मोगरो

ऊगण्यो वधावो जी म्हारा वीर को
चौथो जेठ दरवार
ओवरियो गरणायोजी म्हारा दुवारा पै
छायो मरवो मोगरो

तीजो वधावो जो धरण रा म्हेल को
पौढे म्हारी सासु जी का पूत
ओवरियो गरणायो जी म्हारा दुवारा पै
छायो मरवो मोगरो

चौथो वधावो जी धरा री कूंख को
जाया छै लाडलडा पूत
ओवरियो गरणायो जी म्हारा दुवारा पै
छायो मरवो मोगरो

पाचवो वधावो जी धरा रा चौक रो
बैठे जो देवर तो जेठ
ओवरियो गरणायो जी म्हारा दुवारा पै
छायो मरवो मोगरो

मेरा घर द्वारा मरवा, मोगरा आदि पुष्पो की महक से गमक रहा है।

पाच वधावे अर्थात पाच मगल मेरे घर मे हो रहे हैं। पाचो बधावे विभिन्न प्रकार के हैं।

मेरा घर मरवा मोगरा पुष्पों की गध से गमक रहा है।

पहला वधावा मेरे पिता का दरबार है। मेरे श्वसुर के दरबार का है।

पुष्पो की गन्ध से मेरा घर द्वार सुगन्धित हो उठा है।

दूसरा वधावा मेरे भाई का, मेरे जेठ का दरबार है।

मरवा मोगरा की महक से घर गमक उठा है।

तीसरा बधावा मगल स्थान मेरा महल है जहां मेरी सास के पूत आकर पोढते हैं।

चौथा वधावा मेरी कोख का है। लाडले पूतो को मैंने जन्म दिया।

मेरा घर द्वार फूलो से महक रहा है।

पाचवा बधावा, मेरे घर का चौक है जहा देवर जेठ तथा समस्त परिवार बैठता है।

मेरा घर द्वार मरवा मोगरा आदि फूलो की महक से गमक रहा है।

भावज

श्रव मोय चूडलो पैरावो ।
म्हारा जामरण जाया चू दडी श्रोढावो, राज

सात सोपारी नैं मारणक मोती
तो बाईजी वधावो लाई
श्रदन वदन री टोपी लाई
मैं तो दरियाई रो वागो

म्हारा जामरण जाया चू दडी श्रोढावो

ऊची सी मेडी श्रजव झरोखा
कैल झवूकै वाररणै
वो घर दीसै थारा वडोड वीरा रो
वा ऊभी भोजाई

म्हारा जामरण जाया

काकी नै वडिया हस-हस वोलो
तो माय करै रै वधाई
वडोडी भावज मारे मु ह मचकोल्यो
म्हारो नरणद किसै गुरण श्राई

म्हारा जामरण जाया

तू मत जारण म्हारी भोळी ए भावज

नणद रूस्योड़ी ग्राई
लाख मोहर रो घर भर छोड़ियो
थारी कीरत जोवण ग्राई

म्हारा जामरण जाया

जैरे जाणू म्हारी नणदल ग्रावती
तो परतन महला जाती
पूत जणन्तो धीयडी जणती
म्हारी नणद किसे विध ग्राती

म्हारा जाँमरण जाया—

भाई के पुत्र हुग्रा है, ससुराल से बहिन भतीजे के लिये वस्त्राभूपरण लेकर ग्राती है विदा मे भाई को भी बहिन को चूडा पहिनाना, चूदडी ग्रोढा सीख देनी होती है ।

माणिक मोती, सात सुपारी, बढिया सी टोपी ग्रौर वागा ले वहिन पीहर पहुचती है ।

यह ऊची मेडी, जिसके सुन्दर गोखे हैं, वाहर कदली वृक्ष झौंके खा रहा है, ऐसा उसके भाई का घर दिखाई दिया । बाहर भौजाई खडी है ।

काकी, बाबी हस हस बातें करने लगी, मा हर्ष से खिल उठी । किन्तु भौजाई ने तो मुह बिचकाया यह ननद यहा किस लिये ग्राई ।

भावज का यह ढग देख ननद बोली, "ग्ररी भोली भावज, तू समझती होगी ननद ससुराल से रूठ कर या ग्रनादृत ग्राई होगी । लाखो मोहरो से घर भरा है मेरा ! मैं तो केवल तेरे गुण देखने ग्रा गई ।"

ईर्ष्यालु भावज कहती है, "यदि मुझे पता होता कि मेरे पुत्र को जन्म देने से यह यहा ग्रावेगी तो मैं महलो मे ही न जाती । यदि जाती भी तो पुत्र को जन्म न दे बेटी ही जणती, फिर ननद कैसे ग्राती यहा ?

* भाई के पुत्र जन्मोत्सव पर बहिन आती है । भौजाई को ननद का आना नहीं भाता । यह गीत भौजाई और ननद के संघर्षों और पारिवारिक जीवन पर प्रकाश डालता है ।

बीजळ

म्हारी रे बीजळ नैं आणोजी आया
जाई म्हारी बीजळी सासरे
आणा तो बाबोसा पाछा जी मेलो
नही जावैं बीजळ सासरे
म्हारी रे बीजळ ने हस्ती जी देस्या
जाई म्हारी बीजळ सासरे
हस्ती तो म्हारा बाबोसा चढसी
नही जावै बीजळ सासरे
म्हारी रे बीजळ ने घोडा देस्या
जाई म्हारी बीजळ सासरे
घोडला तो बीजळ रा काकोसा चढसी
नही जावै बीजळ सासरे
म्हारी रे बीजळ ने वैहल्या जी देस्या
जाई म्हारी बीजळ सासरे
वैहल्या तो बीजळ रा करसा खडसी
नही जावै बीजळ सासरे
म्हारी रे बीजळ ने सोनो देस्यां
जाई म्हारी बीजळ सासरे
सोनो तो बाबोसा घरे जी राखो
नही जावै बीजळ सासरे

म्हारी रे बीजळ ने भाटा जी देस्या
जाई म्हारी बीजळ सासरे
भाटा तो बाबोसा घरे ही राखो
बीरोसा रे गढ चुणावसी
परी जासी ए बीजळ सासरे

बीजल बेटी, तुम्हे गौना लेने आये हैं। बेटी, जा ससुराल चली जा। *बाबुल, गौना लेने आये उन्हे वापिस लौटा दो। बीजल ससुराल नही जायगी।*

मेरी बीजल, चली जा ससुराल तुझे हाथी दूगा।

हाथी पर मेरे पिताजी चढेंगे। बीजल ससुराल नही जायगी।

मेरी बीजल, ससुराल चली जा तुझे घोडे दूगा।

घोडो पर मेरे काकाजी चढेंगे। मैं ससुराल नही जाऊगी।

मेरी बीजल, चली जा ससुराल। तुझे बैल दूगा।

बैलो को मेरे किसान खेत मे जोतेंगे। बीजल ससुराल नहीं जायेगी।

बीजल, तुम्हे सोना दूगा। ससुराल चली जा।

बाबोसा, सोना अपने घर मे ही रखो। मैं ससुराल नही जाऊगी।

पिता चिढकर बोला, बीजल को पत्थर दूगा। जा चली जा।

बीजल ने उत्तर दिया, पत्थर घर मे ही रखो। भाई के लिए गढ बनाने मे काम आयेंगे।

बीजल अपने ससुराल चली जायेगी।

गणगौर

थाने गेला मे होसी गणगौर
या ही रेवो, या ही रेवो, या ही रेवो जी,
थाने गेला मे होसो गणगौर
म्हारा लखपतिया जी, या हो रेवो जी

जावा दो नखराळी नार जावा दो
जावा दो छन्दगाळी नार जावा दो
म्हारा भायला ऊभा न्हाळे वाट
म्हारी मिरगानेणी जावा दो
म्हारा साथीडा ऊतरया चबल पार
म्हारी चदरा बदणी, जावा दो
थाने गेला मे होसी गणगौर
या ही रेवो, या ही रेवो, या ही रेवो जी।

यही रहो। कहा जा रहे हो। गणगौर का त्योहार आ रहा है। मार्ग मे गणगौर मनाओगे क्या? मेरे लखपतिया, यही रहो।

नखराली, मुझे जाने दे। छिन्दगाळी मुझे जाने दे। मेरे साथी खडे मेरी प्रतीक्षा कर रहे हैं।

मृगनयनी, मुझे जाने दे। मेरे साथी चबल पार उतर गये होंगे। चन्द्र वदनी मुझे जाने दे।

गणगौर के त्योहार पर तुम मार्ग में रहोगे। मत जावो।

यही रहो, यहीं रहो, यही रहो।

राज रे दूणो नेह लगाय

अनोखा कु वरजी हो राज रे दूणो नेह लगाय
जी धण फूला जैंसी फूटरी
राज रा पेचा माय राख

अनोखा कु वरजी हो राज रे दूणो नेह लगाय
जी धण सुरमा जैंसी सावळी
राज रा नैणा माय राख
धणवाळाजी हो दूणो नेह लगाय
जी धण केसर जैंसो ऊजळो
राज रा ललवट ऊपर राख

अनोखा कु वरजी हो दूणो नेह लगाय
जी धण पाना जैंसी पातळी
राज रा मुखडा माय राख
धणवाळाजी हो दूणो नेह लगाय
जी धण लू गा जैंसी चरपरी
राज रा प्याला माय राख

अनोखा कु वरजी हो दूणो नेह लगाय
जो धण वरछी जैंसी लळबळी
राज री मुट्ठी माय राख
धणवाळाजी हो दूणो नेह लगाय

अनोखे कुंवरजी, आपकी पत्नी फूलो जैसी सुन्दरी है।

अपनी पगड़ी के पेचोमे इसे सजाकर रखना।

इसे अपना दूना प्रेम देना।

आपका प्रेयसी सुरमा जैसी सावली है।

इसे अपने नयनो मे बसा दुगुने स्नेहसे रखना।

यह केसर के समान उज्ज्वल है।

इसे अपने ललाट के ऊपर लगाकर रखना।

यह पान जैसी पतली है, इसे मुह मे रखना।

लौंग जैसी चरपरी है, इसे प्याले मे रखना।

तुम्हारी प्यारी बर्छी जैसी है, इसे हाय मे रखना।

इसे दूने स्नेह से रखना।

झालो

थें तो म्हारे आवजो रे महाराजा पावणा
घणरे घोडा रे घमसाण रे मृगानैणी रा ढोला
मेडी रे चढती नै म्हासू झालो सहियो नी जाय

आवता जाणू तो रे महाराजा साम्ही दासी मेलू
साम्होडी मेलू सुखपाळ म्हारी जोडी रा ढोला
मेडी रे चढती नै म्हांसू झालो सहियो नी जाय

कोरी कोरी गागर रे महाराजा मद भरी
आसा रो पियालो धण रे हाथ मीठा बोलो रा ढोला
मेडी रे चढती नै म्हासू झालो सहियो नी जाय

आप रे कारणिये हो मीठा मारू हवद भराऊ
झीलण रे मिस आय डावर नैणी रा ढोला
मेडी र चढती नै म्हासू झालो सहियो नी जाय

आपरे कारणिये हो बिलाला जी केळुडी बुवाऊ
दातणिये मिस आय हसलाहाली रा ढोला
मेडी र चढती नै म्हासू झालो सहियो नी जाय

आपरे कारणिये हो केसरिया जाजम ढळावू
बैठण रे मिस आय झोलालेणी रा ढोला
मेडी रे चढतो नै म्हासू झालो सहियो नी जाय

आपरे कारणियें हो आटोला जीमण दिराऊ

जीमण रे मिस आय पिवल प्यारो रा ढोला

मेडी र चढती नै म्हासू झालो सहियो नी जाय

मुझसे उनका यह झाला सहा नही जाता। अटारी चढती हुई को उन्होने झाला दिया। मुझ से यह झाला सहा नही जाता।

मेरे राजा, तुम्हे आता हुआ जानती तो दासी को स्वागत करने आग भेजती। मेरी जोडी के राजा, तुम्हे लान के लिए सुखपाल भेजती।

घोडो से घिरे हुए, मृगनयनी के ढोला ने मुझे झाला दिया, मुझ से झाला सहा नही जाता।

नई गागर मे मद भरा है। मीठा बोली के प्रेमी तुम्हारी प्रिया आसव का प्याला लिये खडी है।

अटारी पर चढ ही रही थी उन्होने झाना दिया। मुझ से झाला सहा नही जा रहा है।

मीठे मारू, तुम्हारे लिये पानी के हौज भराती हू। डावर नयनी के प्रियतम, नहाने का मिस कर आ जाना।

मुझ से उनका झाला सहा नही जाता।

बिलाला, तुम्हारे लिये कदली के पेड लगाऊगी। हस को सी चाल वाली प्रियतमा के प्रेमी, दातुन करने के बहाने चले आना।

अटारी पर चढती हुई को झाला दिया, वो मुझ से सहा नही जा रहा है।

केसरिया, आपके लिये जाजम बिछाऊगी झीना लेणी के प्यारे, बैठन के मिस यहा आ जाना।

सिगीजी परवाण मेले भन्डारी ने दीजो श्रो
शोरो नै सीसारी गाडी वैगी मेलो श्रो कै
लिखीया परवाणा हारै लिखीया परवाणा
गोळीया चादी री चाले श्रो कै लिखोया परवाणा ।

आउवा और आसोप दोनो ही मरुधरा के गले मे मोतियो की माला के समान वेशकीमती हैं । इन लोगो ने अग्रेजो के साथ युद्ध ठान लिया है ।

तालिया वाहर फेंको । ताले तोड डालो, शोरा बारूद (युद्ध की सामग्री) ताले तोडकर निकाल लो । अग्रेजो से युद्ध ठान लिया है, शाबाश ।

आउवा के वाग मे जोधपुर राज्य की सेना ने आकर डेरा डाल दिया है । अग्रेजो की फौजें भी आ गई हैं । दोनो मिलकर आउवा पर आक्रमण कर रहे हैं । भाईयो आउवा का साथ देना । ठाकुर का ठिकाना उसके पाव के नीचे से जा रहा है । तुम लोग ठाकुर का साथ दो । धन्य है । उसने अग्रेजो से युद्ध ठान लिया है ।

अग्रेजो की वडी करारी फौज आउवा को रौदने जोधपुर की फौज के साथ चढकर आई है जिसका एक सिरा तो जोधपुर के रातेनाडे पर है और दूसरा भाग आउवा मे नक्कारे बजाता जा घुसा है । फिर भी आउवा ने अपना झण्डा गाड दिया है । शाबाश, अग्रेजो की सेना के सिर काट कर अपना झडा गाड दिया है ।

आउवे के स्वामी, तेरा घोडा युद्ध मे वीरत्व के रग म रगा झलक रहा है । होली खेलने वाले आपसे अर्ज कर रहे है । आप हुक्म दें हमलावर के नक्कारे फोड दें । होली की गैर को युद्ध म बदल दें ।

जोधपुर की सेना के अधिकारी पत्र भेज रहे हैं कि वारुद की गाडिया जल्दी भेजो । चांदी की गोलिया चलेगी ।

मलजी

मोर बोले रे मलजी ग्राबू रा पहाडा में
मलजी मोर बोले रे

वेगा ग्राईजो रे मलजी सीरोही री धरती मे
मलजी वेगा ग्राईजो रे

ग्रासो पाइजे रे मलजी ग्रासो पाइजे रे
पीपळियें रा पाना मे मलजी वेगा ग्राइजो

ग्रावू रा ग्रमला मे मलजी वेगा ग्राइजो
सोने रो मादळियो मलजी किण रे घडायो ए

थारे घडायो ए गजवण थारे घडायो ए
मलजी वेगो ग्राइजे रे ग्रावू रा पहाडां मे
मलजी वेगो ग्राइजे रे

ढोल वाजे रे मलजी ग्रावू रा पहाड़ा मे
मलजी ढोल वाजे रे

भीकर नाचूं ग्रो मलजी टूटोडे ग्रांगणिये
मलजी थीकर नाचूं ग्रो

गाच बिछायदूं ए गजवण थारोड़े कारणिये
गजवण गाच जडायदूं ए

भल भल नाचूं रे मलजी काच रे आंगणिये
मलजी भल भल नाचूं रे

कीकर नाचू रे मलजी फाटोडे घाघरिये
मलजी कीकर नाचूं रे

घाघरियो मोलायदू ए गजबण जोधाणा रे चोवटिये
गजबण चू दडी मोलायदू रे

भल भल नाचू ओ मलजी भल भल नाचू रे
मलजी वेगो आईजे रे

मलजी, आबू के पहाड में मोर बोल रहे हैं।

सिरोही राज्य में मुझसे मिलने के लिए जल्दी आना। वहा मुझे मदिरा पिलाना, मलजी पीपल के पत्तो मे आसव पिलाना। मलजी, आबू के इलाके म जल्दी आना।

मलजी, यह सोने का मादळिया तुमने किसके लिए बनवाया है ?

गजब ढाहने वाली, तेरे लिये बनाया है, तेरे लिये।

मलजी, आबू के पहाडो मे शीघ्र आकर मिलना।

मलजी, कैसे नाचू ? इस टूटे हुए आगन मे कैसे नाचू ?

गजब ढाहने वाली, काच जडा दू, तेरे आगन मे काच।

मलजी, फिर तो मैं वार बार नाचूगी। काच जडे आगन मे खूब नाचूगी।

मलजी, यह फटा हुआ घाघरा पहन कर कैसे नाचू ?

गजब ढाहने वाली, तेरे घाघरा बनवा दू, जोधपुर के चौहट्टे से चूदडी खरीद कर लादू।

मलजी, तब तो मैं नया घाघरा और चूदडी पहिन कर खूब नाचूगी।
मलजी, आबू के पहाड मे आकर मुझसे जल्दी मिल।

भीला राणां

भीला राणा आबू रे जावे तो रे
म्हारे काची ने पाको कैरी लाव रे
हा केरी लाव रे आवूडे जावे तो रे।

भीला राणा आवूडो देवता रो रे
ओ तो भाखरियो भील दोरो रे
हा भाखरियो भील दोरो रे
भीला राणा आवूडो देवता रो रे

भीला राणा आबू रे चढती रे
म्हारा पगलिया धूजण लाग्रिया रे
हा धूजण लागिया रे
भीला राणा आबू रे चढती रा

भीला राणां थारी ने सूरत रो
म्हने रातयू' सपनो आयो रे
हा सपनो आयो रे
भीला राणां थारी ने सूरत रो

भीला राणां आवूडे जावे तो रे
म्हारे काची पाकी केरी लाव रे।

मेरे भील राजा, आवू पहाड पर जाओ तो मेरे लिये कच्चे पक्के आम लाना।

हा, आवू जाओ तो आम लाना मेरे लिये।

मेरे भील राजा, आवू पर तो देवताओ का निवास है। पर्वत पर चढना बडा कठिन है, हा, आवू की चढाई कठिन है। पहाड पर चढते चढते मेरे पाव कापने लग गये।

हा, पाव धूज रहे है।

मेरे भील राजा, रात को मुझे तुम्हारा सपना आया, हूबहू तुम दिखाई दिये।

पहाड से तुम मेरे लिये कच्चे पक्के आम लेते आना।

* आवू पहाड पर और उसके आसपास भील तथा गिरासिया जन जाति बसी हुई है। आवू पहाड पर आम कसरत से पैदा होता है। ,न तथा वन वृक्ष ही इन जन जातियों के भरण पंषण के आधार हैं। जन जातियों के गीत प्राय वन, फल, वृक्ष, पक्षियो तथा प्रकृति से अधिक सम्बन्धित रहते हैं।

चिरमी

चिरमी म्हारी चिरमली
चिरमी रा डाळा चार
भोळी म्हारी चिरमी रा
ऊचले डाळे म्हे चढू
नीचले डाळे जेठ
भोळी म्हारी चिरमी रा
याई ऊचलो डाळो ढेह पडयो
लागी म्हारा चूडलिया रे चोट
भोळी म्हारी चिरमी रा
उतरो जेठ जी म्हे चढूं
जोवूं म्हारे बावोसा री वाट
भोळी म्हारी चिरमी रा
भागलो भागलो बाबोजी
बारे लारै रे बडोडो वीर
भोळी म्हारी चिरमी रा
म्हारे बावेजी रे चढण ने घोडलो
म्हारै वीरेसा रे चढण ने टोट
भोळी म्हारी चिरमी रा
म्हारे घोडले रे बांधण ने घूघरा
टोडण रे बांधण ने मूम

मोळी म्हारी चिरमी रा
रमझम वाजे घूघरा
लूम लचरका खाय
भोळी म्हारी चिरमी रा
काट भरीजे लूम
भोळी म्हारी चिरमी रा
बुकचे मे राखू घूघरा
खू टी रे टगा दू लूम
भोळी म्हारी चिरमी ए
दही सू मजादू घूघरा
झटके झाडू लूम
भोळी म्हारी चिरमी ए

मेरी चिरमी का पेड मेरी चिरमी ।

मेरी चिरमी के पेड के चार डालिया है । ऊपर ही ऊपर के डाल पर मै चढी अपने पिता को आते हुए देखने । नीचे वाली डाल पर जेठजी चढे । ऊपर की डाल टूट पडी । मेरे चूडले के चोट लग गई ।

मेरी चिरमी बडी भोली है ।

जेठजी, तुम उतरो, मैं चढूगी । मेरे पिता का मार्ग देखूगी । वह देखो, मेरे पिता आ रहे हैं । आगे आगे पिता, पीछे पीछे मेरा बडा भाई ।

पिता घोडे पर सवार हैं, भाई ऊट पर । घोडे के घुघरू बधे है, ऊट के लूब लटक रही है ।

झम झम घुघरू बज रहे हैं, लूब लहरा रही है ।

घुघरू के जग चढ जाता है, लूब धूल से भर जाती है मैं बुकचे के अन्दर घुघरू रखूगी खूटी ऊपर लूब टाग दूगी ।

दही से माज कर घुघरू ऊजले निकाल दूगी । लूब को झडका कर साफ कर दूगी ।

खेलण दो गणगौर

भवर म्हाने खेलण दो गणगौर
म्हारी सैया जोवे वाट
ओ भवर म्हाने खेलण दो गणगौर
कै दिन री गणगौर थाके
कै दिन री गणगौर
जो थाने कतरा दिन रो चाव
ओ भवर म्हाने खेलण दो गणगौर
दस दिन री गणगौर ओ भवर
म्हारे दस दिन री गणगौर
जी म्हाने सोळा दिन रो चाव
ओ भवर म्हाने खेलण दो गणगौर
नही जावा दा सारी रात ओ सुन्दर
थाने नही जावा दा सारी रात
जी म्हारा म्हेला री रखवाळ
सुन्दर थाने नही जावा दा सारी रात
घडी दोय जावा दो भवर
म्हाने घडी दोय जावा दो
जी म्हारी सासु सपूती रा जोध
ओ भवर म्हाने खेलण दो गणगौर
म्हारी सैया जोवे वाट ओ पना मारू

म्हारी सैया जोवे बाट
म्हारा आलीजा रो जलल सुभाव
ओ भंवर म्हाने खेलण दो गणगौर
म्हारी रात रिझावण दिन बतळावण
जावा नी दू सारी रात
म्हारी सैया जोवे बाट
ओ भवर म्हांने खेलण दो गणगौर

भवर, मुझे गणगौर खेलने जाने दो। मेरी सहेलिया बाट देख रही है। मुझे गणगौर खेलने जाने दो।

कितने दिनो की गणगौर है ? तुम्हे कितने दिनो का चाव है ?

दस दिनो की गणगौर है, सोलह दिनो का चाव है। भवर मुझे गणगौर खेलने जाने दो।

सुन्दरी, सारी रात के लिए मैं नही जाने दूगा। तू मेरे महलो की रखवाली करने वाली है, सारी रात नही जाने दूगा।

दो घडी के लिये मुझे जाने दो। मेरी सपूती सास के जोधा, सहेलिया, प्रतीक्षा कर रही है। मुझे दो घडी के लिये जाने दो। मुझे गणगौर खेलने का चाव है। और मेरे भवर का तेज मिजाज है। मुझे जाने नही देते।

रात को रिझाने वाली और दिन का बातो मे बहलाने वाली, तुम्हे सारी रात के लिये नही जाने दूगा।

मुझे गणगौर खेलने जाने दो। सहेलिया प्रतीक्षा कर रही है।

ढोला थांरो किलो

ढोला थारो किलो कतरीक दूर
आती जाती हारी म्हारा सरदार
गोरी म्हारो किलो कोस पचास
पालकी बैठी आवो राणांजी री नार
ढोला थांरो पिछोला रो पांणी घणो दूर
तिरस्या मरती हारी म्हारा सरदार
गोरी थारे आगण होद खुदावू
तिरस्यां क्यूं मरो थे राणाजी री नार
ढोला थारे आगण मच रह्यो कीच
म्हाने गोद्या ले चालो म्हारा सरदार
गोरी भाई भतीजा म्हारी लार
लाज्या मत मारो घर री नार
ढोला म्हारा कीच भरिया रमझोळ
सग किसा चालू म्हारा सरदार
गोरी थारा बाळा कूंचो धोवू रमझोळ
दुपट्टा सू पूंछू ए थारा पाव

प्रिय, तुम्हारा किला कितनी दूर है, मैं तो आते आते थक गई।

यहा से मेरा किला पचास कोस है। तुम घबराती क्यो हो? राणाजी की रानी, पालकी पर सवार हो चलो।

तुम्हारे पिछोले ताल्लाव का पानी बहुत दूर है। मैं तो प्यास मर गई।

तुम्हारे आगन मे होद खुदवा दूगा। सुन्दरी, प्यास क्यो मरोगी।

प्रिय तुम्हारे आगन मे बरसात का कीचड हो रहा है। मुझे अपनी गोद मे उठा लो।

भाई भतीजे साथ मे हैं। मुझे लाज आती है।
कीचड से मेरे पैरो के पाजेब भर गये, मैं साथ कैसे चलू।

बाळा कूची अर्थात् ब्रुश से तुम्हारे पाजेब धो दूगा। दुपट्टे से पाव पोछ दूगा।

नोट—सूअर के गर्दन के बालों से जेवर साफ करने का ब्रुश बनाया जाता है उसे "बाला कूंचो" कहते हैं।

लाडो बेटी जाय घरां

मेरो परिंडो रीतो ओ बावल
कुण भरेगो थारी धीय बिनां
थारी भाभिया भरेगी परिंडो
लाडो वेटी जाय घरा

गोबर गुवाडे पसरयो ओ बावल
कुण उठावेगो थारी धीय बिना
थारी भाभिया उठावे गोबर
लाडो बेटी जाय घरा

म्हारी गाया बधी छं ठांए
कुण खोलेगा बावल थारी धीय बिना
थारो भाई खोलेगा गाया
लाडो बेटी जाय घरा

म्हेरो दही पड्यो बिना विलोया
कुण विलोवेगा बावल थारी धीय बिना
थारी भाभिया दही बिलोसी
लाडो बेटी जाय घरा

मेरां बाच्छा रमे छे ठांए
कुण चूंगावेगा बावल थारी धीय बिना

भारी भाभिया चू गासी वाछड़ा
लाडो बेटी जाय घरा

मेरो कुण लावेगा घास
ओ बाबल थारी धीय विना
थारो भाई लावेगा घास
लाडो बेटी जाय घरा

म्हेरो कुण करेगो रसोई
ओ बाबल थारी धीय बिना
थारी भाभिया करेलो रसोई
लाडो बेटी जाय घरा

म्हेरो कुण खिलावेगो भतीज
ओ बाबल थारी धीय बिना
थारी भाभी खिलावे बाळक्यो भतीज
लाडो बेटी जाय घरा

थनें बाबल कुण केवेगो
ओ बाबल थारी धीय विना
आसू तो भर आया नेंणा मे
ओ लाडो बेटी जाय घरा

बाबुल, मैं ससुराल चली जाऊगी तो तुम्हारे पानी कौन भरगा मेरे बिना।
बेटी, तेरी भोजाईया भरेगी। लाडो बेटी, तू जा अपने घर।

बाबुल, गुवाडे मे गोबर फैला रहेगा। तुम्हारी बेटी बिना कौन उठायेगा?
लाडो बेटी, तू जा अपने घर। तेरी भाभी गोबर उठायेगी।

बाबुल गायें ठाणो मे बधी है उन्हे तुम्हारी बेटी बिना कौन खोलेगा?
तेरा भाई खोलेगा। तू जा लाडो बेटी, ससुराल जा।

दही बिन बिलोये पड़ा रह जायगा बाबुल। तुम्हारी बेटी बिना कौन दही बिलोयेगा ?

तेरी भोजाई बिलोयेगी। लाडो बेटी, अपने घर जा।

बछड़ों को कौन दूध पिलाने छोड़ेगा तुम्हारी बेटी बिना ?

तेरी भाभी बछड़ो को दूध पीने छोड़ेंगी। लाडो बेटो, तू घा।

बाबुल, तुम्हारी बेटी बिना घास कौन लायेगा ?

तेरा भाई घास लायेगा। लाडो बेटी, तू जा अपने घर।

बाबुल, तुम्हारे लिए खाना कौन बनायेगा, मैं चली जाऊंगी तो ?

बेटी, तेरी भौजाइया खाना बना लेंगी। तू जा मेरी लाडो बेटी।

भतीजे को कौन खिलायेगा ?

बेटी, तेरी भौजाइया भतीजे को खेलायेगी। लाडो, तू जा।

बाबुल, और सभी काम तो वे कर लेंगी पर, तुम्हे बाबुल कह कर कौन पुकारेगा।

बाबुल के आखो मे आसू भर आये। लाडो बेटी, अपने घर जा।

करहला

प्यारा लागै काळा करहला
वाल्हा लागै धोळा बैल
कासू कमावै म्हारा काळा करहला
कासू कमावै धोळा बैल
खेत कमावै म्हारा काळा करहला
कुवै चालै धोळा बैल
प्यारा लागै म्हारा काळा करहला
वाल्हा लागै धोळा बैल
कै उपजावै, म्हारा काळा करहला
कै उपजावे धोळा बैल
काकडी मतीरो काळा करहला
गाजर मूली म्हारा धोळा बैल
प्यारा लागै काळा करहला
वाल्हा लागै धोळा बैल
कुण चरासी काळा करहला
कुण चरासी धोळा बैल
मारूजो चरासी काळा करहला
धण नीरसी धोळा बैल
प्यारा लागै काळा करहला
व्हाला लागै धोळा बैल

काले ऊंट बड़े प्यारे लगते हैं। सफेद बैल भी बहुत अच्छे लगते है।

काले ऊंट क्या काम करते है, सफेद बैल क्या करते हैं।

ऊट खेत मे कमाई करते है, बैल कुए से पानी निकालते है।

काले ऊंट सफेद बैल बड़े प्यारे लगते है।

काले ऊंट खेत मे क्या पैदावारी करते हैं, सफेद बैलो से क्या निपजता है।

काले ऊट काकडी मतीरा पैदा करते हैं मेरे सफेद बैल गाजर मूली पैदा करते हैं।

काले ऊंट और सफेद बैल बडे प्यारे लगते हैं।

काले ऊंटो को कौन चरायेगा। सफेद बैलो को कौन चरायेगा।

पति काले ऊटो को चराने ले जायेगा। पत्नी सफेद बैलो को घास डालेगी।

काले ऊंट और सफेद बैल मुझे बड़े प्यारे लगते है।

चौपड़

चौवारा मे मडियो ख्याल रा काई
चौपड ने खेले ओ मोटा राजवो
आई आई साईना नै रीस रा काई
गोरा गाला पै दीधी थाप री
पतळी कमर पै दीधी लाप री
आई आई मारूजी ने रीस रा काई
थांरा मेहला मे नही रेवस्या
थारी सेजा मे नही पोढस्या
उठ ए छोरी म्हेला दीवलो जोव रा काई
कागद नै लिखस्या मोटा बाप रे
बाईसा दिवले नही तेल रा काई
चादा रे उजाळै कागद माडस्या
ओळु दोळु लिखिया सलाम रा काई
अधविच लिखिया द दोसा रे ओळमा
खडियो राईको कोस पचास रा काई
दिनडो उगायो बावोसा रा देस मे
वेठया बावोसा दलीचो विछाय रा काई
कागद ने सूप्यो ओ दादोसा रे हाथ मैं
आई आई बावासा नै रीस रा काई
फौजा ने सिणगारो बेना बाई रा देस मे

हाथीडा सिरागारया हजार रा काई
घुडला तो लीधा पूरा पाच सौ
खडया खडया कोस पचास रा काई
डेरा तो दीधा वैना वाई रा देस मे
धडक्या धडक्या साईना रा लोग काई
म्हेला मे धडक्यो ग्रालीजा रो काळजो
सेजा मे धडक्यो सोकडल्या रो साथ
थाने घडादद्‌ गौरी लाख मोहर रो हार रा काई
थारा दादोसा री फौजा फेर दो
वाळू झाळू लाख मोहर रो हार रा काई
म्हारा गोरा गाला पै मारी थाप री
म्हारी पतळी कमर पै मारी लात री

चौवारा मे चौपड खेलने मोटे रावजी ग्रपनी रानी के साथ बैठे, खेलते खेलते क्रोध ग्रा गया। उसने गौरी के गौरे गालो पर थप्पड मार दी। पतली कमर पर लात मार दी।

गौरी को क्रोध ग्रागया। उसने कहा, मैं ग्रापके महलो म नही रहूगी। दासी से कहा, उठ दीपक जला। ग्रपने प्रतापी पिता को पत्र लिखती हू।

दासी बोली, दिये मे तेल नही है।

रानी चाद के प्रकाश मे ही पत्र लिखने बैठ गई।

इधर-उधर सलाम लिखे। बीच म भाई को उलाहना।

राइका फुर्ती से पचास कोस चला गया। उसने दिन रानी के पीहर मे जा उगाया।

रानी के पिता अपने मुसाहिबों से घिरे गलीचे पर बैठे थे।

उसने पत्र ले जाकर भाई के हाथ मे दिया।

पत्र पढते ही पिता क्रोधित होकर बोले, अपनी बहिन की ससुराल पर सेना चढाकर जाओ।

हजार हाथी और पाच सो घोडे लेकर पचास कोस की मजिल तय की और अपनी बहिन के राज्य मे डेरा डाला।

उसका पति और सौतें घबरा उठी। आदमियो मे खलबली मच गई।

गौरी ! तुम्हे लाख मोहर का हार दूंगा। अपने भाई की फौजें वापिस लौटा दो।

तुम्हारे लाख मोहर के हार मे आग लगे। मेरे गौरे गाल पर तुमने थप्पड मारी थी। मेरी पतली कमर पर लात मारी थी।

ओलमो

थारो ढोला भूलणो सभाव
थांरो पिया भूलणो सभाव जी
पिया प्यारी नें भूल्या ना सरे जी म्हारा राज ।

छोडो पिया साथिडा रो साथ
साथिडा छोड़्या ना सरै जी म्हारा राज ।

छोडो ढोला सहेल्या रो साथ
सहेल्या छोड़्या ना सरै जी म्हारा राज ।

जाज्यो ढोला गढ गुजरात
बावडतो ल्याजो केवडो जी म्हारा राज ।

जाज्यो ढोला सूरा री सिकार
थावडतो ल्याजो मृगला जी म्हारा राज ।

भीजें ढोला तवूडा रा बांस
रग रस में भींजे डोरिया जी म्हारा राज ।

पिया, तुम्हारा स्वभाव भूलक्कड है ।

अपनी प्यारी को कैसे भुलाया जा सकता है ।

अपने साथियो का साथ छोडो ।

साथियो का साथ नही छोडा जा सकता । प्रिय, तुम अपनी सहेलियो का साथ छोड सकती हो ?

सहेलियो का साथ नही छोडा जा सकता ।

ढोला, तुम गुजरात जा रहे हो तो लौटते हुए केवडा के फूल लेते आना ।

ढोला, सूअरो की शिकार जाओ तो लौटते हुए मृग लेते आना ।

तुम्हारे तबूओ के बास भीग रहे हैं ।

रग रस मे तबू की डोरें भीग रही है ।

आलीजो

प्यारा लागो आलीजा जी,
था विन घडियन आवडै रे
आलीजा थारो सिकारी जीव
म्हारो तो झरोखा रो झाकणो रे
आलीजा जी, धोळे घोडे असवार
रातडली डाडी रो सोवन चावुको रे
आलीजा दाखा रो वगलो छवाव
थारी तो वैठक म्हारो खेलवो रे
आलीजा आप छो हजारे रो फूल
प्यारी जी कळी छै कचनार री
आलीजा आप छो मखमल री म्यान
प्यारी जी तेग तरवार की रे लो

आलीजाह, तुम बडे प्यारे लगते हो। एक घडी भी तुम्हारे विना अच्छी नहीं लगती।

तुम्हारी तो शिकारी की आदत है। मेरा झरोखे से झाकना होना है।

सफेद घोडे पर सवार, लाल रग की डाडी का सुवर्ण चावुक उनके हाथ म है।

आलीजा, दाखों का वगला (कु ज) वनवाओ।

तुम्हारी वहाँ बैठक होगी। मैं सैर के लिये जाऊगी।

तुम हजारे का फूल हो तो मैं कचनार की कली हू।

आप मखमल की म्यान है तो मैं तेज तलवार हू।

बायरियो

धीमो-मधरो वाज रे बायरिया,
सैणा रा बायरिया धीमो-मधरो वाज ।

जिण दिस बसै म्हारा सायबा, उण दिस आवै ठंडी लेर
बायरिया सैणा रा बायरिया,
धीमो-मधरो वाज

साजन आया पावणा रे, कई करू मनवार रे
बायरिया सैणा रा बायरिया धीमो मधरो वाज

तन री सजाऊ तासळी रे, मनडे री करू मनवार रे
बायरिया सैणा रा बायरिया धीमो मधरो वाज

साजन चाल्या चाकरी रे, खाधे धर न बदूक रे
बायरिया सैणा रा बायरिया धीमो-मधरो बाज

के तो साथे ले चालो रे नी तो कर देवो दो टूक रे
बायरिया सैणा रा बायरिया धीमो-मधरो वाज

काजळ सू भरिया नैण रे, मेदी सू भरिया दोऊ हाथ रे
बायरिया सैणा रा बायरिया धीमो-मधरो वाज ।

पवन, धीमे धीमे बहो। जिस दिशा मे मेरा प्रिय बसता है उस दिशा से पवन भी शीतल आती है।

प्रियतम, घर आये हैं उनकी मनुहार कैसे करूं। क्या करूं ?

तन की तश्तरी मे मन को रख कर मनुहार करूंगी।

पवन धीरे धीरे बह।

सजन फिर से चाकरी पर जाने को तैयार है। कंधे पर बंदूक रखली है।

या तो मुझे साथ ले चलो अन्यथा मेरे शरीर के दो टुकडे कर डालो।

काजल से मेरे नयन भरे हैं, दोनो हाथो के मेहदी लगा रखी है और तुम जाना चाहते हैं।

पवन धीमे धीमे बह।